इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी
INDIRA GANDHI RASHTRIYA URAN AKADEMI
भारत सरकार नागर विमानन मंत्रालय के अधीन स्वायत्त निकाय
(An Autonomous body under the Ministry of Civil Aviation Government of India)
फुरसतगंज एयर फील्ड, जिला–अमेठी– 229302 (उ.प्र.) भारत
Fursatganj Airfield, Distt, Amethi - 229302 (U.P.) INDIA
Tel.: +91-535-2441528, 2441529, 2441144, 2441147, 2441150-51
Fax : +91- 535-2441527, Website : www.igrua.gov.in

31 दिसंबर 2025

## निदेशक का संदेश

वर्ष 2025, इग्रुआ के लिए एक विशेष वर्ष रहा है, जिसमें इग्रुअन ने कड़ी मेहनत और समर्पण के बल पर आगे बढ़ने तथा निकट भविष्य में अग्रणी बनने का दृढ़ संकल्प और उत्साह प्रदर्शित किया है।

कई वर्षों के पश्चात इग्रुआ अब एक स्पष्ट उर्ध्वगामी पथ पर अग्रसर है। वर्तमान में उड़ान गतिविधियाँ व्यापक रूप से संचालित की जा रही हैं तथा संस्थान क्रमशः वित्तीय आत्मनिर्भरता और आगामी एक वर्ष में कहीं बेहतर एफ टी ओ रैंकिंग की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

आज मैंने '**इग्रुआ का कार्य लेखा-परीक्षण**' सभी के साथ साझा किया है। मैं सभी कर्मचारियों से आग्रह करता हूँ कि वे इसे ध्यानपूर्वक पढ़ें। 15 मई 25 से मेरे नेतृत्व में टीम इग्रुआ ने उत्कृष्ट कार्य किया है। मुझे प्रत्येक इग्रुअन पर गर्व है।

इस निरंतर प्रगति और छलांग को उत्कृष्टता, निष्ठा एवं समर्पण के माध्यम से सभी इग्रुअन द्वारा बनाए रखना होगा। हमें 01 अक्टूबर 26 को जारी होने वाली रैंकिंग में इग्रुआ को देश का '**सर्वश्रेष्ठ एफ टी ओ**' बनाना है।

उत्कृष्ट कार्य के लिए सभी इग्रुअन को हार्दिक बधाई। मैं सभी इग्रुअन (पूर्व एवं वर्तमान) तथा उनके परिवारजनों के लिए वर्ष 2026 और आने वाले वर्षों में निरंतर सफलता, सुख, स्वास्थ्य एवं समृद्धि की कामना करता हूँ। भारतीय तिरंगा सदैव सर्वोच्च लहराता रहे और इग्रुआ का ध्वज और गौरव की ऊँचाइयों तक निरंतर उड़ान भरता रहे।

सभी इग्रुअन एवं उनके परिवारजनों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ तथा सदैव सुरक्षित एवं सफल लैंडिंग्स की मंगलकामनाएँ।

विपुल //

**एयर कमोडोर विपुल सिंह**
**एवीएसएम वीएम (सेवानिवृत्त)**
**निदेशक**

**वितरण** :

- समस्त विभागाध्यक्ष / अनुभागाध्यक्ष, समस्त कर्मचारी, समस्त प्रशिक्षु, समस्त सूचना पट्ट

4, प्रशासनिक खण्ड, सफदरजंग एयरपोर्ट, नई दिल्ली– 110003
4, Administrative Block, Safdarjung Airport, New Delhi-110003
Phone : +91-11-24615370, 24655796, Fax : +91-11-24603192, Website : www.igrua.gov.in